## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रेक्टर को ओव्हर टेक करते ट्रेक्टर ने मारी ठोंकर, घायलों की मदद के लिये पहुंची राइनो वाहन

रायगढ़। थाना घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम नूनदरहा में रहने वाला नकुल प्रसाद राठिया, दिलसाय राठिया के ट्रेक्टर क्र. सीजी 13 एल-5125 का ड्राईवर है 16 जनवरी को ट्रेक्टर मालिक दिलसाय राठिया के दामाद रविशंकर निवासी ग्राम चरखापारा के लडके के मुण्डन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने नकुल राठिया रिश्तेदारों को लेकर चरखापारा गया था जहां कार्यक्रम समाप्त होने पर महिलाएं-पुरूष ट्रेक्टर में बैठकर वापस घर आ रहे थे कि ग्राम राजपुर (लैलूंगा) के पास करीब 10.00 बजे दिलु राठिया निवासी ग्राम बाकारूमा ने पल्टुराम राठिया निवासी ग्राम कुर्रा के सोल्ड ट्रेक्टर में बालू लोड कर नकुल राठिया के ट्रेक्टरर के पिछला चक्का को पीछे से ठोकर मार दिया जिससे नकुल राठिया का ट्रैक्टर बायां तरफ पलट गया। दुर्घटना में ट्रेक्टर में बैठे वर्ष। व्यक्तियों को चोटें आयी, घटना की सूचना मिलने पर थाना लैलूंगा राइनो घटनास्थल पहुंची जहां घायल धनुर्जय राठिया, सम्पत्ति राठिया, चंद्रकांती, सोनाई राठिया, देवमती राठिया, साधमती राठिया, भान्ती राठिया, सरस्वती राठिया, ज्योती कसेर को ई.आर.वी. स्टाफ आरक्षक बीरबल टोप्पो द्वारा लैलूंगा अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के संबंध में थाना लैलूंगा में ट्रेक्टर चालक दिलु राठिया के विरूद्ध अप.क्र. 09/19 धारा 279,337 ता. हि. पंजीबद्ध किया गया है।

### आईटीआई रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 27 जनवरी को

रायगढ़। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में 27 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में सुजुकी मोटर्स, गुजरात प्रायवेट लिमिटेड हंसालपुर प्लांट (गुजरात) के द्वारा फिटर, डीजल, मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (ऑटोमोबाईल), ट्रेक्टर मैकेनिक एवं पेंटर जनरल व्यवसाय के पदों में भर्ती की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार अपनी सभी मार्कशीट की मूल प्रति एवं छायाप्रति 3 सेट, बायोडाटा, पैन कार्ड, आधारकार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पासपोर्ट साईज फोटो कुल 5 एवं स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### खरसिया एवं भूपदेवपुर थाना में पड़े दोपहिया वाहनों की नीलामी 15 फरवरी को

रायगढ़। रायगढ़ के थाना प्रभारी खरसिया एवं थाना प्रभारी भूपदेवपुर में बिना वाहन स्वामी के पाए गए कुल 21 दोपहिया वाहनों को लावारिस घोषित किया जाकर राजसात किया गया है, जिसकी खुली नीलामी 15 फरवरी 2019 को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस परिसर खरसिया (तहसील प्रांगण, खरसिया) में की जाएगी। खुली नीलामी में कोई भी इच्छुक व्यक्ति भाग ले सकता है। उल्लेखनीय है कि थाना प्रभारी खरसिया में 16 एवं थाना प्रभारी भूपदेवपुर में 5 विभिन्न कंपनी के दोपहिया वाहन लावारिश स्थिति में मिलने पर थाना परिसरों में रखा गया है, जिसके संबंध में 20 दिसम्बर 2018 तक वाहन के पंजीकरण संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर वाहन को वाहन स्वामी प्राप्त कर सकते है, संबंधी सूचना जनसामान्य को दी गई थी। लेकिन निर्धारित तिथि तक कोई भी वाहन स्वामी उपस्थित नहीं हुए। ऐसी स्थिति में छ.ग.पुलिस अधिनियम के तहत थाना में रखे दोपहिया वाहनों का कोई भी मालिक नहीं होना पाया गया।

# नटवर स्कूल मैदान बना अघोषित बस स्टैंड, पीटी रिहर्सल में परेशानी

रायगढ़। एक तरफ शहर में मैदान की कमी है, दूसरी तरफ जो मैदान है वह भी कब्जे व अन्य संस्कृति कार्यक्रम प्रयोजन के लिए अधिग्रहित है। इस बीच नटवर स्कूल मैदान को अघोषित बस स्टैंड बना दिये जाने से 26 जनवरी में आयोजित प्रोग्राम में शामिल होने वाले बच्चों के रिहर्सल करने में कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे उनका अभ्यास व्यापक स्तर पर प्रभावित हो रहा है।

गौरतलब है कि जिले में युवा महोत्सव के लिए खिलाड़ी से लेकर कलाकारों का जमावड़ा रहेगा। इन कलाकारों को लाने ले जाने के लिए आरटीओ विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। इस जिम्मेदारी पर विभाग को 25 बस 11 छोटी वाहन अधिग्रहित करना है । इसके लिए आरटीओ द्वारा खिलाड़ी व कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगो के लिए बसों का अधिग्रहण करना आरम्भ गुरुवार को कर दी है। बसों के अधिग्रहण में अधिग्रहित की गई बसों को स्थानीय नटवर स्कूल मैदान में खड़ा कर अघोषित बस स्टैंड बना दिया गया । इससे 26 जनवरी के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में में शामिल होने के लिए



स्कूली बच्चों द्वारा की जा रही रिहर्सल कर रहे है जिसमें शहर के 22 स्कूलों से 13 सौ से अधिक बच्चे द्वारा पीटी किया जा रहा है। इन बसों के लगातार आवाजाही एवं अघोषित स्टैंड बनने से पीटी रिहर्सल में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व जेसीआई द्वारा आयोजित दो दिवसीय पतंगबाजी कार्यक्रम से रिहर्सल में व्यवधान उत्पन्न हुआ था। अब यही कार्य विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है, इससे यह तो साफ है कि विभाग को गणतंत्र दिवस को लेकर कितने सजग है। वही बस का अधिग्रहण होने से यात्री से लेकर स्कूली बच्चों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

### अघोषित स्टैंड जाने निकली बस फंसी बीच चौक में

युवा मोहत्सव के लिए बसों का अधिग्रहण किया जा रहा है वही कुछ के चालक अनभिज्ञता के कारण आईटीओ दफ्तर पहुंच गए। वही जब उन्हें अवगत हुआ कि बस को अघोषित स्टैंड नटवर स्कूल जाने निकला सितारा बस के चालक को मार्ग का ज्ञान नही होने से शहर के सबसे व्यस्तम चौक रामनिवास टाकीज में फंस गई। आलम यह रहा कि बस चालक ने बस को बीच चौराहे पर लावारिस छोड़ दिया। इस वजह से सड़क जाम होने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ गया। बीच शहर में ट्रैफिक अमला के नही रहने से राहगीर पुलिस को कोसते लोग जाम में फंसे रहे।

### डर के साए में रहे बच्चे

नटवर स्कूल में दोपहर 1 बजे 1350 स्कूली बच्चों द्वारा एक साथ पीटी का रिहर्सल करते है जिसमें गुरूवार दोपहर को एकाएक धड़धडाते हुए मैदान आने लगी इस दृश्य को देख स्कूली बच्चे भौचक रह गए।

वही बसों को आते देख कुछ समय के लिए पीटी रिहर्सल को विराम देना पड़ गया। इसके साथ ही बच्चो से लेकर शिक्षको में भ्य का वातवरण उत्पन्न हो गया।

# जबर छेरछेरा रैली रायगढ़ के रामलीला मैदान में 20 को



रायगढ़। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में रचे-बसे अन्नदान का महापर्व छेरछेरा तिहार को इस बार क्रान्ति सेना बड़े स्तर पर मना रहीं हैं। जबर छेरछेरा रैली प्रथम बार रायगढ़ जिला में आयोजित हैं, रैली के रूप में सड़क पर उतरेगी छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति। जिला संयोजक रवि तिवारी ने बताया रैली 20 जनवरी की सुबह 11 बजे रामलीला मैदान सत्ती गुड़ी चौक रायगढ़ से प्रारंभ होकर वापस शाम को इसी जगह महासभा में तब्दील होगा।

जबर छेरछेरा रैली में बस्तरिया नृत्य, वनांचल गेड़ी नृत्य, पंथी नृत्य, राऊत नाच, डंडा नृत्य, करमा नृत्य, के साथ छत्तीसगढ़ के पुरखा मन के झांकी रायगढ़ के सड़कों पर उतरेगी। यह रैली रामलीला मैदान से शुरू होकर घड़ी चौक, सत्ती गुड़ी चौक, स्टेशन चौक, गांधी चौक, रामनिवास, गोपी टाकिज, गौरीशंकर मंदिर, पैलेस रोड़ महेश चौक, चांदनी चौक सोनार पारा, हटरी चौक, से होते हुए वापस रामलीला मैदान पहुंचेगी जहां आमसभा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

मीडिया विभाग से देव हीरा लहरी ने बताया इस त्यौहार को बड़े स्तर पर मनाने का उद्देश्य हमारी संस्कृति को लोगों तक पहुचाना हैं। राज्य में बाहरी संस्कृति हावी के कारण यहां कि मूल संस्कृति के तीज त्यौहार को लोग जान नहीं पाते, क्रान्ति सेना हमेशा से राज्य के सभी मुद्दों को लेकर काम करते आ रही है। जबर छेरछेरा रैली में जिला के साथ प्रदेश भर से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। सेना प्रमुख अमित बघेल ने प्रदेश वासियों को छेरछेरा की बधाई देते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन के साथ छेरछेरा तिहार को मनाने का आग्रह किया है।।

### धोखाधड़ी पर अपराध दर्ज

रायगढ़। ग्राम छाल में रहने वाली श्रीमती एलिस शिलवंती एक्का पति स्व पौलुस एक्का उम्र 68 वर्ष पेशनधारी है। श्रीमती एलिस शिलवंती एक्का का भारतीय स्टेट बैक शाखा छाल में बचत खाता है, जिस पर इसे एटीएम कार्ड प्राप्त है 7 दिसम्बर 2018 से 2 जनवरी 2019 तक गया बिहार इसके खाते के ए.टी.एम. से कुल रूपये 115500/- रूपये अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाला गया है, जबकि उक्त ए.टी.एम. श्रीमती एलिस शिलवंती एक्का के पास है जो इसका प्रयोग दिनांक 27.12.18 को अंतिम बार की थी।

# दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक गम्भीर

रायगढ़। पुसौर थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई। दुघर्टना में 35 वर्षीय व्यक्ति को गम्भीर चोट आने से उसकी हालत चिंताजनक बताई गई है। सड़क दुघर्टना ग्राम चिखली और तेतला पुसलदा मो़ड के पास घटित हुई है जहां पीड़ित चोटिल व्यक्ति को देख स्थानीय ग्रामीणों ने मेकाहारा इलाज के लिए भेजे है। बहरहाल अस्पताल की तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है।



जीवन राम पिता सहसराम उम्र 35 वर्ष सारंगढ़ थाना क्षेत्र का रहवासी है। जो अपनी मां और भांजा को अपने मोटरसाइकिल में बैठाकर बहन के घर रायगढ़ ला रहा था। इस बीच तेतला पुसलदा मोड़ में दो विपरीत दिशा में आ रही मोटरसाइकिल बुजुर्ग चालक से भिड़ंत हो गई। इस दुघर्टना से मोटरसाइकिल में सवार जीवन की मां व उसका भांजा दूर छिटक गए जिससे उन्हें मामूली चोट आई है। वही जीवन को गम्भीर चोट आई। घटना इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल की परखच्चे उड़ गया। जिसका मुख्य कारण मोटरसाइकिल चालक जीवन तेज रफ्तार गति से वाहन का चालन कर रहा था तो दूसरी तरफ भ्रमित होकर उल्टे साइड में विपरीत दिशा में एक्सल वाहन क्रमांक सीजी 13 एसए 3786 के चालक बुजुर्ग से भिंड़त हो गई। बहरहाल स्थनीय लोगों ने घटना को देख तत्काल 108 एक्सप्रेस वाहन को फोन कर मौके पर बुलाया जहां इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया। फिलहाल चोटिल की हालत चिंताजनक है।







## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480